फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम तालेडा जिला बून्दी

परमजीत कौर w/o जगतारसिंह बनाम सरकार

किस्म मुकदमा:– 111, 128 LR Act नं. 271 / प्रा०पत्र / सत्र / 2025

| तारीख हुकम | हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्य जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 10/6/25 | प्रार्थना पत्र सरिस्ते से रिपोर्ट होकर पेश हुआ। प्रार्थी मय वकील उपस्थित है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जावे। अप्रार्थीगण को जर्ये सम्मन तलब किया जावे। पत्रावली दिनांक 17/6/25 को पेश हो। | |
| 17/6/25 | पत्रावली पेश हुई। नोटिस बाद तामील अप्राप्त। पत्रावली वास्ते इन्तजार Report TDR व तलबी हेतु दिनांक 15/7/25 को पेश हो। | |
| 15/7/25 | वकील प्रार्थी उप. TDR रिपोर्ट पेश की गई। सीमाज्ञान होना नहीं पाया गया। सीमाज्ञान रिपोर्ट पेश हो। पत्रावली वास्ते इन्तजार पेश करने सीमाज्ञान रिपोर्ट दि. 28/7/25 को पेश हो। | |
| 28/7/25 | पत्रावली पेश हुई अभिभाषक उभय पक्ष उपस्थित है। आज श्रीमान उपखण्ड अधिकारी राज्य कार्यवश बाहर दौरे में तशरीफ रखते है। ... कार्य में व्यस्त है। अभिभाषकगण कन्डोलेन्स पर है। अतः पत्रावली सामान्य कार्यवाही हेतु दिनांक 19.8.25 को पेश हो। | |
| 19/8/25 | बहस उभय पक्ष सुनी गई। पत्रावली वास्ते आदेश दि. 29/8/25 को पेश हो। | |
| 29/8/25 | वकील प्रार्थी उप. प्रा० पत्र प्रार्थी वास्ते पत्थरगढ़ी u/s 111, 128 LR Act सीमा | |



Scanned with OKEN Scanner

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज |
|---|---|
| | किया जाता। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा। जाब्ता शा.मि. किया गया। पत्रावली ~~बाते~~ फैसलानुसार [illegible] नम्बर से दर्ज हो बाद तामील तकमील नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो। <br> (हस्ताक्षर) |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी तालेड़ा जिला (बून्दी)

## पीठासीन अधिकारी श्रीमती मनस्वी नरेश आर.ए.एस.

| मिसल नं0<br>347/प्रा0पत्र/2025 | तारीख दायरा<br>25.04.2025 | तारीख फैसला<br>29.08.2025 |
| --- | --- | --- |

परमजीतकोर उम्र वयस्क पत्नी श्री जगतार सिंह निवासी बडगांव तहसील लाडपुरा जिला कोटा

प्रार्थीया

बनाम

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार तहसील तालेडा जिला बून्दी

अप्रार्थी

उपस्थित अभिभाषक

अधिवक्ता प्रार्थियाः– श्री हेमराज राठोर

अधिवक्ता अप्रार्थीः– पेरोकार सरकार

**– : : निर्णय : : –**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा– 111, 128 भू–राजस्व अधिनियम

प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्र्तगत धारा 111, 128 भू–राजस्व अधिनियम के संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीया की खातेदारी अधिकार की कृषि भुमि खाता संख्या नया 94 पूराना 98 खसरा सख्या 692/514 रकबा 0.8498 हैक्टेयर, खसरा सख्या 693/514 रकबा 0.3237 हैक्टे0, खसरा संख्या 701/542 रकबा 0.0809 हैक्टेयर वाके ग्राम नयाबरधा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी राजस्थान में विस्थित है जिस पर प्रार्थीया काबिज काश्त है। प्रार्थीया उपरोक्त आराजी पर तारबन्दी करवाना चाहती है जिसके लिए उक्त भूमि पर तहसीलदार तालेडा से सीमाज्ञान करवाया। उक्त सीमाज्ञान से प्रार्थीया संतुष्ट नही है क्योंकि प्रार्थीया की भुमि का औपचारिक रूप से सीमाज्ञान किया गया है इसलिए प्रार्थीया की उपरोक्त भूमि पर पत्थरणढ़ी तहसीलदार तालेड़ा से करवाई जाने बाबत आदेशित किया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है। श्रीमान तहसीलदार को सीमाज्ञान वास्ते प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसका कमांक 62/2025 दिनांक 01.05.2025 है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थीया की खातेदारी अधिकार की कृषि भूमि खाता खाता संख्या नया 94 पुराना 98 खसरा संख्या 692/514 रकबा 0.8498 हैक्टेयर, खसरा सख्या 693/514 रकबा 0.3237 हेक्टेयर खसरा संख्या 701/542 रकबा 0.0809 हैक्टेयर वाके ग्राम नयाबरधा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी राजस्थान की मौके पर पत्थरगढ़ी कराये जाने का आदेश तहसीलदार तालेडा को दिये जाने की कृ पा करे।

प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरिये सम्मन तलब किया गया।

प्रार्थी तहसीलदार तालेडा द्वारा जर्ये पत्रांक 2804 दिनांक 08.07.2025 से रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया कि प्रार्थना पत्र में वर्णित कृषि भूमि पर प्रार्थी का कब्जा काश्त होना एवं भूमि का रिकॉर्डेड खातेदार होना अंकित किया गया। प्रार्थिया पूर्ण सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगढी करवाना चाहती है।

Scanned with OKEN Scanner

साक्ष्य में प्रार्थिया की और से नकल जमाबन्दी खतौनी संख्या पुरानी 98 नया 94 की खसरा संख्या 692/514 रकबा 0.8498 हैक्टेयर, खसरा सख्या 693/514 रकबा 0.3237 हैक्टेयर खसरा संख्या 701/542 रकबा 0.0809 हैक्टेयर वाके ग्राम नयाबरधा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी राजस्थान संवत् 2076 की प्रति की प्रति पेश की।

बहस प्रार्थी अधिवक्ता सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली में संलग्न साक्ष्य दस्तावेज नकल जमाबन्दी खतौनी संख्या पुरानी 98 नया 94 की खसरा संख्या 692/514 रकबा 0.8498 हैक्टेयर, खसरा सख्या 693/514 रकबा 0.3237 हेक्टेयर खसरा संख्या 701/542 रकबा 0.0809 हैक्टेयर वाके ग्राम नयाबरधा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी संवत् 2076 में परमजीतकोर उम्र वयस्क पत्नी श्री जगतार सिंह निवासी बडगांव तहसील लाडपुरा जिला कोटा खातेदार दर्ज रिकार्ड है जो कि प्रार्थिया की खातेदारी की भूमि है, जिस पर प्रार्थी को नियमानुसार पत्थर गढी करवाने का कानूनन अधिकार प्राप्त है। किन्तु प्रार्थिया द्वारा पत्थरगढी से पूर्व सीमाज्ञान करवाया जाना था किन्तु प्रार्थिया द्वारा सीमाज्ञान कराने हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन करने बाबत कथन अपने प्रार्थना पत्र में अंकित किया है।

**आदेश**

अतः प्रार्थिया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार तालेड़ा को आदेशित किया जाता है कि प्रार्थिया से नियमानुसार पत्थरगढी का शुल्क राजकोष में जमा करवाकर प्रार्थिया की उपस्थिति में खतौनी संख्या पुरानी 98 नया 94 की खसरा संख्या 692/514 रकबा 0.8498 हैक्टेयर, खसरा सख्या 693/514 रकबा 0.3237 हेक्टेयर खसरा संख्या 701/542 रकबा 0.0809 हैक्टेयर वाके ग्राम नयाबरधा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी संवत् 2076 की पत्थरगढी की जावे। वाद वर्णित आराजी पर यदि किसी न्यायालय में स्थगन अथवा भूमि विवादित हो तो नियमानुसार कार्यवाही करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तामील तकमील नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

यह निर्णय आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे द्वारा टंकित कराया जाकर सरेइजलास सुनाया गया।

(मनस्वी नरेश)
उपखण्ड अधिकारी
तालेडा

Scanned with OKEN Scanner